**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2024**

**(HINDI - Code 085)**

**Class: X** **Date: 26/09/24**

**Time: 3 Hrs.** **Maximum Marks: 80**

**समान्य निर्देशः-**

- **इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं।**
- **प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर केवल आवश्यक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

---

**खंड - क (अपठित बोध)**

**01. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **1+1+1+2+2**

देश का भविष्य उज्ज्वल है या अंधकारमय है, यह देश की युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। कारण, उसे भविष्य में देश की राजनीतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, आदि सभी प्रकार की क्रियाओं की बागडोर सँभालनी है। भविष्य में अच्छे नागरिक की उम्मीद रखते हैं तो हमें विद्यार्थियों को सभी दृष्टि से योग्य बनाना पड़ेगा। पहली बात उनमें देशभक्ति की भावना का संचार करने की है। हमारे विद्यार्थी अपने को देश की धरोहर समझकर अपनी रक्षा करें। उन्हें यह बात याद रखनी चाहिए कि देश की रक्षा का भार उन्हीं के कंधों पर है। उन्हें स्मरण रखना चाहिए कि वे ऐसे देश के नागरिक बनने जा रहे हैं जिसने आदि काल में ही 'वसुधैव कुटुंबकम' की उद्घोषणा की थी। दूसरी बात यह है कि उसे कर्मठ बनना है। आलस्य को अपना महान शत्रु समझकर उसकी छाया से भी घृणा करनी है। आज आवश्यकता है अधिक से अधिक उत्पादन करने की, अधिक-से अधिक प्रगतिशील बनने की। हमारे छात्र विदेशों से होड़ लगाने के लिए तैयार रहें। इसके लिए वे कर्तव्य परायण होने के साथ-साथ नए-नए आविष्कार करने तथा नई पद्धतियों को अपनाने के लिए तत्पर रहें।

**i) देश का भविष्य किस पर निर्भर है?**

क) सब पर ख) अध्यापकों पर

ख) युवा पीढ़ी पर ग) बुजुर्गों पर

**ii) विद्यार्थियों को सभी दृष्टि से योग्य बनाना क्यों आवश्यक है?**

क) अच्छी नौकरी पा सकें ख) उज्ज्वल भविष्य बना सकें

ग) माँ-बाप की रक्षा कर सकें घ) देश को सँभाल सकें

**iii) "वसुधैव कुटुंबकम' से तात्पर्य है-**

क) सारा संसार मेरा परिवार　　ख) हमारा परिवार

ग) सबका विकास　　घ) मेरा देश मेरा परिवार

**वर्णनात्मक प्रश्न-**

iv) आज किस बात की आवश्यकता है और उसके लिए किसे त्यागना ज़रूरी है?

v) दूसरे देशों से होड़ लगाने के लिए हमारे विद्यार्थियों को क्या करना चाहिए?

**02. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः- 1+1+1+2+2**

अनेकता में एकता के गुण के कारण ही भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा है तथा यही भारतीय संस्कृति की विशेषता है। यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में भिन्नता दिखाई देती है तथापि अपने आचार-विचारों की एकता के कारण यहाँ सदा सामाजिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है। प्राचीनता, गतिशीलता, लचीलापन, ग्रहणशीलता, सामाजिक स्वरूप और अनेकता के भीतर मौजूद एकता ही भारत की प्रमुख विशेषता है। इस विशेषता के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। भारतीय संस्कृति का इतिहास बहुत प्राचीन है। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परंपरा के बाद होता है। संस्कृति वस्तुतः विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य हैं, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इसे हम अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है जो परंपरा से चली आ रही है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है परंतु इनमें भेद हैं। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान होता है अर्थात् सभ्यता का अनुमान सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके विपरीत संस्कृति में आचार और विचार पक्ष की प्रधानता होती है।

**i) जीवन के भौतिक पक्ष से क्या तात्पर्य है?**

क) संस्कृति　　ख) सुख-सुविधाएँ

ग) आचार-विचार　　घ) अनेकता में एकता

**ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढिए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**कथन (A) - संस्कृति वस्तुतः विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य हैं जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है।**

**कारण (R) - इसका संबंध जीवन-शैली से नहीं वेश-भूषा से है।**

क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

ख) कथन (A) गलत है, कारण (R) सही है

ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं क्योंकि कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**iii) परंपरा से चली आ रही सामाजिक विरासत किसे कहा गया है?**

क) प्रदेशों में व्याप्त विभिन्नता को ख) सामाजिक मूल्य को

ग) सभ्यता को घ) संस्कृति को

**वर्णनात्मक प्रश्नः-**

iv) सभ्यता और संस्कृति में क्या अंतर है?

v) किस विशेषता के कारण भारत विश्व में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है?

**खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

**03. निर्देशानुसार 'पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **4X1=4**

क) **पदबंध किसे कहते हैं?**

ख) **भीड़ में से कोई** चिल्ला रहा था। (भेद लिखिए)

ग) राजू चार बजते ही **तीर की तरह** घर की ओर दौड़ा। (भेद लिखिए)

घ) लड़का **हाँफ्ते-हाँफ्ते भाग रहा था।** (भेद लिखिए)

ङ) बच्चे रंग-बिरंगे गुब्बारे पाकर अधिक खुश हुए। (संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए)

**04. निर्देशानुसार 'वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिएः-** **4X1=4**

क) मैंने उस लड़के को देखा। वह बाज़ार में सब्ज़ी बेच रहा था। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ख) वे लोग मज़बूत हैं। वे पहाड़ी इलाके में रहते हैं। (सरल वाक्य में बदलिए)

ग) मैंने बड़े भाई का रुद्र रूप देखा। मेरे प्राण सूख गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

घ) जब एक से अधिक आश्रित उपवाक्य वाक्य व्यधिकरण समुच्चय बोधक से जुड़े होते हैं तब उस वाक्य को कौन-सा वाक्य कहते हैं?

ङ) सैनिक घायल था फिर भी उसने शस्त्र उठाकर बहादुरी से युद्ध किया। (वाक्य का भेद लिखिए)

**05. (i) किन्हीं दो समस्त पदों का विग्रह करके भेद लिखिएः-** **2X1=2**

संसदभवन, नीलांबर, बेशक

**(ii) समस्त पद बनाकर भेद लिखिएः-** **2X1=2**

आठ अध्यायों का समाहार, स्वर्ग और नरक

**06.** **(i) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिएः-** **2X1=2**

जिगर के टुकड़े टुकड़े होना, टूट पड़ना, जले पर नमक छिड़कना

**(ii) सही मुहावरों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** **2X1=2**

क) लड़की बड़ी देर तक अपने पिताजी की ..................................।

ख) इस बार वह जीत गया तो क्या हुआ, यह तो ऐसा है जैसे................................।

## <u>खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)</u>

**07.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः-**

**5X1=5**

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद अब वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी भी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के ड़र से जो थोड़ा बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाज़ी की ही भेंट होता था। फ़िर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। माँझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है।

**(i) भाई साहब के नरम पड़ने का क्या कारण था?**

क) वे थक गए थे

ख) वे समझदार हो गए थे

ग) छोटे भाई का परिणाम उनसे अच्छा निकला था

घ) बड़े भाई का स्वभाव बदल गया था

**(ii) लेखक बड़े भाई की सहिष्णुता का क्या लाभ उठाने लगा?**

क) उनकी बात अनसुनी कर देता

ख) उसकी स्वच्छंदता बढ़ गई

ग) उनका अपमान करने लगा

घ) स्वयं निर्णय लेने लगा

**(iii) लेखक को कौन-सा नया शौक पैदा हुआ?**

क) पतंग उड़ाने का

ख) कंचे खेलने का

ग) देर तक सोने का

घ) कन्ने बाँधने का

**iv) पतंग संबंधी समस्याओं का हल लेखक गुप्त रूप से क्यों करता था?**

क) छात्रावास में पतंग उड़ाने की अनुमति नहीं थी

ख) माँ और दादा को इसकी खबर न हो

ग) भाई साहब को यह खेल पसंद नहीं था

घ) उसके मन में भाई साहब के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना थी

**v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।**

**कथन (A)** - मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है।

**कारण (R)** - हर बार पास होने के कारण छोटे भाई को अपने पर अधिक विश्वास हो गया था।

क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं

ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं

ग) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत हैं

घ) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है

**08. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए:-** **3X2=6**

क) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर मनुष्य के स्वार्थ के कारण प्रकृति में आए बदलाव पर प्रकाश डालिए।

ख) 'बड़े भाई साहब' पाठ में लेखक ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली की किन कमियों पर प्रकाश डाला है?

ग) तताँरा और वामीरो की मृत्यु का क्या कारण था? इस स्थिति को बदलने के लिए क्या करना चाहिए?

घ) 26 जनवरी 1931 को अमर बनाने के लिए कोलकाता कांग्रेस की ओर से क्या-क्या तैयारियाँ की गई थीं?

**09. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए:-**

**स्याम म्हाने चाकर राखो जी,** **5X1=5**

**गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखो जी !**

**चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ।**

**बिन्दरावन री कुंज गली में, गोविंद लीला गास्यूँ।**

**चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमिरन पास्यूँ खरची।**

**भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनां बाताँ सरसी।**

**(i) मीरा श्रीकृष्ण की सेवा किस रूप में करना चाहती है?**

क) भक्त के रूप में ख) प्रेयसी के रूप में

ग) सेविका के रूप में घ) पत्नी के रूप में

**ii) वृन्दावन की गलियों में मीराबाई द्वारा घूमने की बात क्यों कही गई है?**

क) प्रभु के गुण-गान करने हेतु ख) प्रभु की कृपा प्राप्त करने हेतु

ग) प्रभु के भक्त ढूँढ़ने हेतु घ) साधुओं के साथ भिक्षा माँगने हेतु

**iii) मीरा श्रीकृष्ण की सेवा के बदले में क्या-क्या पाना चाहती है?**

क) धन, स्मरण तथा भक्ति ख) बड़ी संपत्ति, दर्शन और शस्त्र

ग) दर्शन, स्मरण और भक्ति घ) मान और सम्मान

**iv) 'चाकर राखो' में मीरा की कौन-सी भक्ति भावना झलकती है?**

**क**) पितृभक्ति ख) दास्य भक्ति

ग) दैन्य भक्ति घ) सख्य भक्ति

**v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।**

**कथन (A) - मीरा श्रीकृष्ण की दासी बनना चाहती है।**

**कारण (R) - वे उनसे अपार धन पाना चाहती हैं।**

क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं

ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं

ग) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत हैं

घ) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है

**10. पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उतर 25-30 शब्दों में लिखिएः-**
**3X2=6**

क) कवि मैथिली शरण गुप्त ने राजा रंतिदेव, महर्षि दधीचि, कर्ण, राजा शिबी आदि के उदाहरण द्वारा क्या संदेश दिया है?

ख) इस संसार में कौन सुखी है और कौन दुखी? यहाँ सोना और जागना किसके प्रतीक हैं?

ग) 'तोप' हमारे पूर्वजों की किस गलती के बारे में बताती है और इससे हमें क्या संदेश मिलता है?

घ) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि हमें प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**11. संचयन (भाग-2) के आधार पर निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिएः-** **2x3=6**

क) 'हरिहर काका' पाठ संसार के किस कटु सत्य को दर्शाता है?

ख) हेड़मास्टर ने पी.टी. साहब को मुअत्तल क्यों किया? क्या आप उसे सही मानते हैं?

ग) आप अपने शिक्षकों से क्या अपेक्षाएँ रखते हैं? - सपनों के से दिन पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड - घ (रचनात्मक लेखन)

**12. संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएः-** **1X5=5**

**क) संघर्ष ही जीवन है**

- संघर्ष का महत्त्व
- प्रकृति के उदाहरण
- सफलता

**ख) पर्यावरण की रक्षा**

- पर्यावरण का अर्थ
- खतरा
- बचाने के उपाय

**ग) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व**

- अनुशासन का अर्थ
- अनुशासन की आवश्यकता
- अनुशासन से लाभ

**13. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिएः-** **1X5=5**

क) अपने इलाके में हो रही चोरी की घटनाओं की शिकायत करते हुए पुलिस कमिशनर के नाम पत्र लिखिए।

(अथवा)

ख) गणित विषय के लिए विशेष कक्षाओं के आयोजन हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**14. <u>किसी एक</u> विषय पर सूचना तैयार कीजिएः-** **1X4=4**

क) ए.बी.एन विद्यालय में 15 अगस्त के दिन मनाए जानेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्रों को अपना नाम पंजीकृत करने हेतु सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

ख) आप नवीन पटनायक / मेधा नवीन, शांति नगर सुधार समिति के सचिव हैं। 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

**15. आपने अपनी अटैची प्रमाण-पत्रों सहित खो दी है। खोयी हुई अटैची वापस पाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 1X3=3**

**(अथवा)**

**'आयुष आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र' के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**16. आप रामपुर के निवासी हैं। पंजाब से दिल्ली जानेवाली शताब्दी एक्सप्रेस आपके गाँव में नहीं रुकती। इसके संबंध में director@indianrailways.co.in के नाम पर ईमेल लिखिए। 1X5=5**

**(अथवा)**

**"सभी दर्शक साँस थामे बैठे थे। अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होनेवाले थे।" ....... इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर लिखिए।**

**--------------**